
सर्पदंश से किसान की मौत

खेत की ओर जाते समय सांप ने डंसा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

भारतगंज (प्रयागराज)। मांडा थाना क्षेत्र के हाटा ग्राम पंचायत में रविवार दोपहर खेत की ओर जा रहे किसान की सर्पदंश से मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल, प्रयागराज भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, हाटा ग्राम पंचायत निवासी मूलचंद्र कोल (४५) पुत्र द्रोणाचार्य कोल रविवार दोपहर घर से खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में धान के खेत की मेड़ पर किसी जहरीले सांप ने उन्हें डंस लिया। परिजन उन्हें बचाने के लिए झाड़-फूंक कराने के साथ इलाज भी कराते रहे, लेकिन उनकी मौत हो गयी। परिवार के मुखिया की मौत से पत्नी बबिता, दो बेटों और बहू सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों की सूचना पर पहुंची मांडा पुलिस ने आवश्यक कारवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सहसों में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

आटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

हादसे के बाद चालक फरार, अस्पताल में चल रहा उपचार

झूंसी (प्रयागराज)। चमनगंज बाजार में विपरीत दिशा से आ रहे आटो की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। आरोप है कि दुर्घटना के बाद आटो चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर झूंसी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ककरा दुबावल निवासी कुलदीप तिवारी पुत्र संतोष तिवारी के मुताबिक, वह ९ अक्तूबर की सुबह करीब ७ बजे बाइक से प्रयागराज शहर स्थित अपनी नौकरी पर जा रहा था। इसी दौरान चमनगंज बाजार में विपरीत दिशा से आ रहे एक आटो ने उसे टक्कर मार दी। आरोप है कि आटो में स्कूली बच्चे भी सवार थे। टक्कर लगने से कुलदीप सड़क पर गिरकर घायल हो गया और बेहोश हो गया। हादसे के बाद चालक आटो लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को आशीर्वाद अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच में उसके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। फिलहाल उसका उपचार चल रहा है और पैर में चोट के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ है। पीड़ित ने अपने पिता के माध्यम से थानाध्यक्ष को तहरीर भेजकर प्राथमिकी दर्ज करने और कारवाई की मांग की। पुलसि ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोजपुरी गायक राजेश परदेसी के भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया विकासखंड के भीटी गांव में जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में नवरात्र के अवसर पर आयोजित दुर्गा पूजा पण्डाल में भोजपुरी गायक राजेश परदेसी ने भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके देवी गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पण्डाल मां के जयकारों से गूंज उठा।



इस दौरान पूजा-अर्चना के साथ मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। पूजा पण्डाल में पुजारी पंडित उमेश मिश्रा ने कहा कि मां की सेवा केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों और धर्म के प्रति निष्ठा एवं समर्पण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में मातृशक्ति का विशेष महत्व है। प्रत्येक महिला में मां का स्वरूप देखने और उनका सम्मान करने की भावना रखनी चाहिए। किसी भी महिला को दुख न पहुंचे, इसका ध्यान रखना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बंशीधर सिंह, महेश कुमार, आलोक मोदनवाल, सुनील जायसवाल, ओमप्रकाश बिंद, विकास बिंद, राम आशीष बिंद, राहुल कुमार, आदित्य कुमार, अरुण कुमार, शिवसागर, बल्ले और जयचन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

धनुष यज्ञ और राम-सीता विवाह की लीला ने मोहा मन

परशुराम-लक्ष्मण संवाद पर गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, दर्शक हुए भावविभोर

सहसों (प्रयागराज)। आदर्श रामलीला समिति भोपतपुर एवं मीरापुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद और भगवान राम-सीता विवाह की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। जयमाल पड़ते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

मंचन के दौरान विदेहराज महाराज जनक ने भगवान शिव के पिनाक धनुष को स्वयंवर में रखा था। उनकी प्रतिज्ञा थी कि जो राजा या राजकुमार इस धनुष को तोड़ेगा, उसी के साथ उनकी पुत्री सीता का विवाह होगा। गुरु विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम ने धनुष का भंजन किया। इसके बाद माता सीता ने श्रीराम के गले में जयमाल डालकर उन्हें पति रूप में स्वीकार किया। इस दृश्य पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जय श्रीराम के जयकारे लगाये। इसके बाद ऋषिराज परशुराम का जनक दरबार में प्रवेश हुआ। धनुष टूटने की जानकारी मिलते ही वह क्रोधित हो उठे। इस दौरान भगवान लक्ष्मण और परशुराम के बीच हुए ओजपूर्ण संवाद ने दर्शकों में रोमांच भर दिया। दोनों पात्रों के प्रभावशाली अभिनय पर पंडाल में मौजूद महिला-पुरुष दर्शक आनंदित नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान जय सियाराम के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर चेयरमैन चंद्रभान सिंह, संरक्षक अनिल सोनी, प्रबंधक राजेंद्र सिंह, निर्देशक एवं संचालक लालजी प्रजापति, अध्यक्ष भोला सोनी, कोषाध्यक्ष कृष्णराज सिंह, उमाशंकर सिंह, सूर्या यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, कुंवर बहादुर यादव, रामकुमार सोनी, नीरज शर्मा, प्रदीप शर्मा, शिवम सोनी, गुलाब सिंह, दिलीप सिंह, शिव प्रसाद शर्मा, महेंद्र श्रीवास्तव, राजेश शर्मा और रमेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

रावण दहन आज, आकर्षक चौकियों और झांकियों से सजेगा दशहरा मेला

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा के ऐतिहासिक रामबाग रामलीला मैदान में मंगलवार को विजयदशमी के अवसर पर रावण का वध किया जायेगा। इसके बाद विभिन्न स्थानों से आकर्षक चौकियां, झांकियां और जुलूस निकाले जाएंगे। नगर पंचायत क्षेत्र में लगने वाला यह मेला क्षेत्र के सबसे बड़े मेलों में गिना जाता है। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मऊआइमा क्षेत्र में वर्ष १९४८ से विजयदशमी का पर्व लगातार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। परंपरा के अनुसार, मंगलवार शाम को विभिन्न स्थानों से चौकियां और झांकियां निकलेंगी। रामबाग में रावण दहन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके बाद सभी चौकियां एकजुट होकर पक्का तालाब, गंजिया बाजार, कोट, चुनौंटा कुआं, नाटी इमली और सदर बाजार होते हुए तीन बत्ती तक पहुंचेंगी। यहां से झांकियां अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जाएंगी। रामलीला समिति के अध्यक्ष, सचिव साहू, संरक्षक निमिष खत्री, संयोजक शनि खत्री, बिंदेश्वरी प्रसाद और महामंत्री ने बताया कि बुधवार सुबह दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद चुनौंटा कुआं पर भरत मिलाप होगा।

मोबाइल लूटकांड का खुलासा दो आरोपित गिरफ्तार

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गये दो मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गयी बाइक बरामद की है। दोनों आरोपितों के खिलाफ विधिक कारवाई की गयी है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान डिलिहा निवासी सूरज आदिवासी और पौसिया दुबे निवासी सूजीत कुमार के रूप में हुई है। दोनों को रविवार दोपहर लालतारा-खीरी रोड से कोरांव मार्ग पर रेलवे पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। कोहड़ार निवासी मनीष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि ७ अक्तूबर की शाम करीब ६ बजे बेरी मोड़ तिराहे पर बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उन्हें रोककर मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गये। पीड़ित की शिकायत पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने कारवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बरामदगी के आधार पर मामले में आगे की विधिक कारवाई कर रही है।

मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। नवरात्र के पावन अवसर पर शंकरगढ़ नगर पंचायत के पुराने बाजार में आर्य समाज भवन के बगल मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह से शाम तक श्रद्धालु मां के चरणों में शीश झुकाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।



पूजा स्थल पर शाम होते ही भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिलता है। महिलाएं डांडिया नृत्य के साथ भजन-कीर्तन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। देर रात तक चलने वाले धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर है। पण्डाल में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। आयोजकों के अनुसार, सोमवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्यामबाबू केसरवानी, किरण केसरवानी, रामू केसरवानी, मंटू केसरवानी, राजकमल जायसवाल, शनि केसरवानी, शुभम केसरवानी, सुमित केसरवानी, वासु केसरवानी, हर्ष केसरवानी, अनिकेत सोनी, रोहित केसरवानी, रौनक केसरवानी, किशन, साहिल, सोमू केसरवानी, वैशाली केसरवानी, दीपिका जायसवाल, पिंकी केसरवानी, वंदना केसरवानी, सुनयना, शिवेंद्र केसरवानी और खुशबू केसरवानी सहयोग कर रहे हैं।

डेयरी कर्मचारी को बंधक बनाकर पीटने का आरोप

बीच-बचाव करने पहुंचे दो भाइयों से भी मारपीट, शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी थाना क्षेत्र में दूध डेयरी पर काम करने वाले कर्मचारी को बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा है। कर्मचारी की सूचना पर मौके पर पहुंचे युवक और उसके भाई के साथ भी मारपीट की गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपित और चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलावा बुजुर्ग निवासी विजय यादव के मुताबिक, १६ अक्तूबर की रात करीब ९ बजे उसका छोटा भाई संदीप यादव घर पहुंचा और बताया कि उनकी दूध डेयरी पर काम करने वाले आशीष पासवान को सत्येंद्र कुमार पुत्र तुलसीराम निवासी कसेरुआ खुर्द और उसके साथ आए चार-पांच लोग मारपीट कर बंधक बनाये हुए हैं। सूचना मिलने पर विजय मौके पर पहुंचा। आरोप है कि वहां पहुंचते ही सत्येंद्र कुमार और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए विजय के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान धारदार हथियार से उसके सिर पर हमला कर घायल कर दिया गया। बीच-बचाव करने पहुंचे संदीप के साथ भी मारपीट की गयी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के पहुंचने की सूचना पर आरोपित मौके से फरार हो गये। इसके बाद विजय ने झूंसी थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

लेड़ियारी में आज निकलेगी मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा

लेड़ियारी (प्रयागराज)। लेड़ियारी सब्जी मंडी स्थित दुर्गा पूजा पंडाल से २० अक्तूबर को मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों में उत्साह है। नवयुवक दुर्गा पूजा कमेटी ने शोभायात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां तेज कर दी हैं। कमेटी के सक्रिय सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुशील कुमार केशरवानी ने स्थानीय प्रशासन को प्रार्थना-पत्र सौंपकर शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने की मांग की है। कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार केशरी ने बताया कि शोभायात्रा २० अक्तूबर की रात ८ बजे शुरू होकर २१ अक्तूबर की सुबह ४ बजे तक चलेगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों, यात्रियों और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी से बचाने के लिए तुलसी संपर्क मार्ग से कैथवल तक रूट डायवर्जन की व्यवस्था जरूरी है।

फिट इंडिया अभियान के तहत निकली साइकिल जागरूकता रैली

योग, नियमित व्यायाम और स्वच्छता का दिया संदेश, युवाओं ने गांव-गांव किया जागरूक



घूरपुर (प्रयागराज)। विकास खंड जसरा में फिट इंडिया अभियान के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए साइकिल रैली निकाली गयी। खंड विकास अधिकारी आईएएस शिवम सिंह और एडीओ पंचायत विनोद कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित रैली में प्रयाग संगम सेवा संस्थान के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

युवाओं ने साइकिल से गांव-गांव भ्रमण कर लोगों को नियमित व्यायाम, योगाभ्यास और साइकिल चलाने के फायदे बताए। उन्होंने संदेश दिया कि प्रतिदिन साइकिल चलाने और सुबह योग करने से शरीर स्वस्थ एवं ऊर्जावान रहता है। साथ ही साइकिल का उपयोग पर्यावरण संरक्षण और ईंधन खर्च में बचत के लिए भी उपयोगी है। प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग और नियमित व्यायाम जरूरी है। युवाओं को इन आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने में योगदान देना चाहिए। बीडीओ शिवम सिंह ने कहा कि फिट इंडिया अभियान का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। रैली में शामिल युवाओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर लोगों को प्रेरित किया। समापन पर युवाओं और ग्रामीणों ने नियमित योग करने, साइकिल चलाने तथा गांवों में स्वच्छता बनाये रखने की सामूहिक शपथ ली।

हनुमानगढ़ी में डांडिया नृत्य से भक्तिमय हुआ माहौल

मऊआइमा (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन हनुमानगढ़ी में नव युवक दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने रंग-बिरंगे परिधानों में सजी बच्चियों और महिलाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मां दुर्गा के जयकारों और डांडिया की खनक से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मान्या पांडेय, वैष्णवी सोनी और आस्था मौर्य सहित कई बच्चियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डांडिया नृत्य के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भी भक्ति के रंग में सराबोर नजर आए। इस अवसर पर विंदेश्वरी प्रसाद केसरवानी, शक्ति खत्री, सनी खत्री सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु मौजूद रहे।

पांडेपुर की रामलीला में गूंजी अंगद की ललकार

लक्ष्मण शक्ति के मंचन ने किया भावविभोर

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके छिबैया पांडेपुर में आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव में भक्ति और सनातन संस्कृति की छटा बिखर रही है। लीला मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में लक्ष्मण शक्ति और रावण के दरबार में अंगद की ललकार के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

लक्ष्मण शक्ति के प्रसंग में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के प्रति भक्तों की भावनाएं उमड़ पड़ीं। वहीं, भगवान श्रीराम के दूत के रूप में अंगद का रावण के दरबार में पहुंचना और अधर्म के विरुद्ध निर्भीक होकर उसे ललकारना आकर्षण का केंद्र रहा। अंगद के ओजस्वी संवाद और प्रभावशाली अभिनय पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों को जीवंत करते हुए धर्म, साहस, सत्य और मर्यादा का संदेश दिया। मंचन के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा रामलीला मैदान गूंज उठा। श्रद्धालु अंत तक भक्तिभाव के साथ लीला का आनंद लेते रहे। रामलीला के माध्यम से लोगों को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ल, कोषाध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, शुभम पांडेय, महामंत्री रोहित शुक्ल, मंत्री सुशील कुमार उपस्थित रहे।

बंद मकान से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बैरहना खानपुर की नई बस्ती में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और ४० हजार रुपये नकद पार कर दिये। परिवार शादी समारोह में शामिल होने प्रतापगढ़ गया था। सोमवार दोपहर लौटने पर कमरों के ताले टूटे और घर का सामान बिखरा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। जानकारी के अनुसार, बैरहना खानपुर नई बस्ती निवासी मोहम्मद इलियाश पुत्र मोहम्मद नई रविवार शाम परिवार के साथ घर में ताला बंद कर प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र स्थित संडौरा गांव में अपनी बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होने गये थे। सोमवार दोपहर घर लौटे तो चैनल गेट बंद मिला, लेकिन अंदर कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने अलमारी और संदूकों के ताले तोड़कर सामान खंगाल दिया था। पीड़ित के मुताबिक, चोर दो सोने की झुमकियां, चार जोड़ी सोने की कील, चेन, चांदी की पायल और पाजेब सहित ४० हजार रुपये नकद ले गये। चोरी की जानकारी होने पर परिवार की महिलाएं रोने लगीं। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है।

आजका मुहूर्त

दिनांक- २० अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- नवमी दिन में ०९.३३ तक उपरान्त दशमी
वार- मंगलवार
नक्षत्र- श्रवण दिन ०४.०८ तक उपरान्त धनिष्ठा
योग- शूल रात्रि १२.०९ उपरान्त गण्ड
राशि- मकर ४.४८ रात्रि उपरान्त कुंभ
सूर्योदय- ०६.१९ बजे
सूर्यास्त- ०५.४१ बजे
राहुकाल- दिन ०३.०० से ०४.३० बजे तक
भद्रा- नहीं है
मुहूर्त- नवमी श्रवण नक्षत्र में रोगविमुक्त स्नान का मुहूर्त दिन में ०९.३३ के बाद पूर्व दक्षिण दिशा की यात्रा सामान खरीदने का मुहूर्त है।

मां सिद्धिदात्री के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

कन्या पूजन और हवन से भक्तिमय हुआ वातावरण, भक्तों ने मां से मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

झूंसी (प्रयागराज)। वासंतिक नवरात्र के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी



के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की आराधना के लिए झूंसी और आसपास भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मां के जयकारों और घंटे-घड़ियाल की गूंज से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठे।

सुबह से ही महिलाएं पूजा की थाली में नारियल, चुनरी, पुष्प और मिष्ठान लेकर दर्शन-पूजन के लिए कतारबद्ध नजर आईं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां की पूजा-अर्चना की। नवरात्र के समापन पर मंदिरों में कन्या पूजन, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। झूंसी के विभिन्न देवी मंदिरों के अलावा छतनाग, देवनगर और नैका-मायापुरी कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। मां के भव्य श्रृंगार के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे क्षेत्र में जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे। नैका-मायापुरी कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित शिवजी दुबे ने बताया कि मां सिद्धिदात्री दुर्गा की नौवीं शक्ति हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, उनकी आराधना से साधकों को सिद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। भगवान शिव ने भी मां सिद्धिदात्री की उपासना कर सिद्धियां प्राप्त की थीं। मां अपने भक्तों के कष्ट दूर कर उन्हें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती हैं। नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर जगत जननी से सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

लेड़ियारी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के लेड़ियारी बाजार में सोमवार को डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। वहां का दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गयी। पुलिस ने डीसीएम और उसके चालक को पकड़कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, लेड़ियारी निवासी देवराज कुशवाहा (५०) पुत्र नर्मदा प्रसाद कुशवाहा सोमवार को घर से रिश्तेदारी में निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे। वह घर से कुछ ही दूर मंडी तिराहे के पास पहुंचे थे, तभी खीरी की ओर से आ रही डीसीएम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह वाहन की चपेट में आ गये और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। हादसे की खबर मिलते ही स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देखकर बिलखने लगे।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कारवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवराज खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। नवमी के उत्सव के बीच हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आज होगा विश्राम

नारीबारी (प्रयागराज)। नारीबारी के बड़ी जूही गांव में शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का सोमवार, १९ अक्तूबर को विश्राम होगा। नौ दिनों तक प्रभु श्रीराम की भक्ति, प्रेम और मर्यादा के प्रसंगों से सराबोर रहे कथा पण्डाल में समापन अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन और पूर्णाहुति की जायेगी। इसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय कथावाचिका पूज्या शास्त्री शाकंभरी द्विवेदी 'मानस मंजरी' ने नौ दिनों तक भगवान श्रीराम के दिव्य चरित्र का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डुबो दिया। वनवास के प्रसंग ने जहां भक्तों को भावुक किया।

लक्ष्मण शक्ति और मेघनाद वध की लीला ने किया भावविभोर

गूंजे श्रीराम के जयकारे, अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश

झूंसी (प्रयागराज)। वासंतिक नवरात्र के पावन अवसर पर झूंसी की ऐतिहासिक धरा पर आदर्श श्रीरामलीला समिति की ओर से आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव में श्रद्धा और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिल रही है। भगवान श्रीराम और रामायण जी की आरती के साथ शुरू हुई लीला में लक्ष्मण शक्ति, मेघनाद वध, अहिरावण वध और कुंभकरण वध के सजीव मंचन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

रामलीला के दौरान कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से त्रेतायुग के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। लक्ष्मण शक्ति के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक किया, जबकि मेघनाद, अहिरावण और कुंभकरण वध की लीलाओं ने अधर्म, अन्याय और अत्याचार के अंत तथा धर्म की विजय का संदेश दिया। कलाकारों के प्रभावशाली संवाद, भावपूर्ण अभिनय और युद्ध के रोमांचक दृश्यों ने दर्शकों को देर रात तक मंच से बांधे रखा। मंच की आकर्षक सजावट के साथ प्रकाश और ध्वनि के बेहतर संयोजन ने रामलीला की भव्यता को और बढ़ा दिया। बड़ी संख्या



में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ रामलीला का आनंद लिया। आयोजन के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों, धार्मिक आस्था और सनातन संस्कृति के प्रति लोगों की श्रद्धा देखने को मिली। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सोमेश्वर नाथ अग्रवाल, महामंत्री डा. दिनेश यादव, उपाध्यक्ष केके शुक्ला, विनोद अग्रवाल, मंत्री उमेश पांडेय, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, सतीश दुबे और रवि अग्रवाल सहित समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रामलीला प्रेमी उपस्थित रहे।

मानस रामलीला में लंका दहन का भव्य मंचन

नैनी (प्रयागराज)। मानस रामलीला समिति के मंच पर सोमवार को आदर्श रामलीला मंडल चित्रकूट के कलाकारों ने लंका दहन, रामेश्वरम पूजा और लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का भव्य मंचन किया। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

लीला के दौरान हनुमान जी समुद्र पार कर लंका पहुंचे और अशोक वाटिका में माता सीता का पता लगाया। वाटिका में फल खाने के दौरान राक्षस सैनिकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद हनुमान जी ने उनका सामना किया। मेघनाद उन्हें बंदी बनाकर रावण की सभा में ले गया।

रावण ने उन्हें दंड देने की बात कही तो विभीषण ने दूत को दंडित करना अनुचित बताया। अंततः सभासदों की सहमति से हनुमान जी की पूंछ में आग लगायी गयी। इसके बाद हनुमान जी ने लंका में आग लगा दी, जबकि विभीषण की कुटिया सुरक्षित रही। कार्यक्रम में प्रयागराज के सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर क्षेत्र और नगरवासियों को दशहरा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। वर्तमान समय में भी सभी को भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, तभी समाज का कल्याण संभव है। इस अवसर पर मानस रामलीला समिति की ओर से सांसद उज्ज्वल रमण सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता कुमार नारायण का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव 'धीरू', महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, संरक्षक शिवशंकर दीक्षित, राकेश श्रीवास्तव, पूर्व संरक्षक समर बहादुर सिंह, रवि करन सिंह, प्रतिमा त्रिपाठी, अंजुम नाज, वैभवी जोशी, विनोद जैकब, निजामुद्दीन, सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा, मंजू प्रधान, वीनू दीक्षित, गीता शुक्ला, रवि यादव, अर्पित तिवारी, राजकुमार कुशवाहा, जय बाबू तिवारी, सुशील त्रिपाठी, मक्खन पांडेय और सुनीता चड्ढा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी समिति के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने दी।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 56 ए बी, एस.पी. मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज, यूपी- 211001

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/ज़मानतदार(रों) के नाम/ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	संजय कुमार (कर्जदार), कौशल्या देवी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LBALD00005734399, LBALD00005734400, LBALD00005859527	फ्लैट नंबर एसएल 11/403, सरल, तीसरी मंजिल (चार मंजिला), सुगम विहार आवास योजना कालिंदीपुरम, प्रयागराज-यूपी, क्षेत्रफल: 365 वर्ग फुट	रु. 27,64,381/- 05 अक्टूबर, 2026	रु. 16,50,000/- / रु. 1,65,000/-	नवंबर 02, 2026 को दो. 02:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक	नवंबर 16, 2026 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(https://BidDeal.in)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 13, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 56 ए बी, एस.पी. मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज यूपी- 211001** में **नवंबर 13, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **नवंबर 13, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआईबैंक लिमिटेड, 56 ए बी, एस.पी. मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज यूपी- 211001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 13, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **प्रयागराज** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** में **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।
तिथि : अक्टूबर 20, 2026, स्थान : प्रयागराज — **प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**